14 फरवरी, 2023

शादी के लाइसेंस के लिए आवेदन अब ऑनलाइन सुलभ हैं

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन में, शादी के लाइसेंस के लिए आवेदन अब ऑनलाइन उपलब्ध हैं। निवासी, किसी भी समय शादी के लाइसेंस वाले डिजीटल पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। पहले, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, सिटी हॉल (City Hall) में केवल व्यक्तिगत पेपर-आधारित आवेदन ही स्वीकार करती थी।

शादी के लाइसेंस का ऑनलाइन आवेदन पूरा करने पर, आवेदक को एक संदर्भ नंबर मिलेगा, जो शादी का लाइसेंस लेने के लिए सिटी हॉल आते समय चाहिए होता है।

शादी के लाइसेंस के आवेदन के नए पोर्टल पर पहुंच के लिए, www.brampton.ca/marriageservices पर जाएं।

शादी के लाइसेंसों के बारे में

शादी के लाइसेंस, जारी होने की तारीख से तीन महीने तक ओनटैरियो में किसी भी समय वैध होते हैं और प्रांत की ज्यादातर म्युनिसिपल्टीज में उपलब्ध हैं।

ओनटैरियो में शादी करने वाले व्यक्तियों के लिए, शादी करने से पहले शादी का लाइसेंस लेना आवश्यक है। समारोह होने के बाद लाइसेंस जारी नहीं किया जा सकता।

सिविल शादी समारोह

सिविल शादी समारोह, प्रत्येक मंगलवार से शुक्रवार, कार्यसमय के दौरान, ब्रैम्पटन सिटी हॉल में लगातार आयोजित हो रहे हैं।

2022 में, 1,300 सिविल समारोह आयोजित किए गए थे। 2016 से लेकर, स्टाफ ने 3,000 समारोह आयोजित किए हैं।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के सिविल समारोहों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, **यहां क्लिक करें (click here)**।

-30-

मीडिया संपर्क
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca